**बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–का0परि0 (विज्ञान एवं प्रावैधिक विभाग)–63 / 2023 (खण्ड–I)**

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**

**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

## आवश्यक सूचना

ज्ञापांक:– 2172/आ. पटना, दिनांक:– 14.5.2026

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–02 / 2022 अंतर्गत कार्यालय परिचारी की मुख्य परीक्षा दिनांक–26.05.2026 (मंगलवार) को एक पाली में निर्धारित है। मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन समर्पित करने वाले सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाइट– https://bssc.bihar.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपने प्रारंभिक परीक्षा का अनुक्रमांक / रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय इस बात का ध्यान रखना है कि प्रवेश पत्र का प्रिंट स्पष्ट हो अर्थात प्रिंट की प्रति धूमिल (Faint) न हो।

सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि आयोग के वेबसाइट पर प्रदर्शित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे और उनका अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

14/5/26

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

# अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. आपका अभ्यर्थित्व पूर्णतः औपबंधिक है। मात्र प्रवेश पत्र निर्गत होने से अभ्यर्थित्व का दावा संपुष्ट माना नहीं जायेगा।
2. अभ्यर्थी अपने साथ केवल दो ही दस्तावेज–प्रवेश पत्र एवं वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र परीक्षा केन्द्र में लायेंगे। दिव्यांगता का दावा करने वाले अभ्यर्थी दिव्यांगता का मूल प्रमाण–पत्र साथ लायेंगे।
3. अभ्यर्थियों के सामान/बैग इत्यादि रखने की व्यवस्था परीक्षा केन्द्र पर नहीं है। अतः अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर कोई बैग लेकर नहीं आना है।
4. अभ्यर्थी को अपने साथ कोई पेन लेकर नहीं आना है। उन्हें परीक्षा कक्ष में ही वीक्षक के द्वारा पेन उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व पेन की जाँच कर लें।
5. अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्वाह्न 09:00 बजे से 11:00 बजे तक होगा। किसी भी परिस्थिति में पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरांत अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक निश्चित रुप से वीक्षक को लौटा देंगे। अभ्यर्थी को प्रश्न पुस्तिका एवं पेन अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
7. अभ्यर्थी प्रश्न पत्र एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर मुद्रित तथा आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित महत्वपूर्ण निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।
8. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर बुकलेट सीरीज पूर्व से प्रिंटेड रहेगा।
9. व्यक्तिगत पेन/पेंसिल/व्हाईटनर/कैलकुलेटर/स्लाइड रूल/लॉग टेबुल/ग्राफ पेपर/चार्ट्स या किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाइल फोन, ब्लू–टूथ, पेजर, वेयरेबल डिवाईस, स्मार्ट फोन, घड़ी आदि लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित है। उक्त सामग्रियों का प्रयोग/पास में रखे हुए पाया जाना अनुचित तरीका माना जायेगा एवं आपका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा। साथ ही अन्य वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।
10. अभ्यर्थी, उपलब्ध करायी गयी प्रश्न पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में दिये गये निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें और तत्पश्चात ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर कुछ भी लिखना या गोला रंगना शुरू करेंगे। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर निर्दिष्ट प्रविष्टियों के अलावे अन्यत्र कुछ भी अंकित नहीं करेंगे या ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के साथ किसी भी प्रकार का छेड़–छाड़ नहीं करेंगे। ऐसा करने पर ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा एवं आपका अभ्यर्थित्व भी रद्द किया जा सकता है।

11. अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में रौल नम्बर, बुकलेट नम्बर एवं सेंटर कोड ध्यानपूर्वक सही–सही भरना एवं रौल नम्बर के संबंधित गोलों को रंगना सुनिश्चित करेंगे। यदि अभ्यर्थी प्रश्न पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर दिये गये प्रविष्टियों को सही ढंग से नहीं लिखते हैं अथवा गलत लिखते हैं या गलत गोला रंगते हैं तो उनके ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
12. अभ्यर्थी अपने लिए आवंटित सीट पर ही बैठना सुनिश्चित करेंगे। यदि आवंटित सीट से अलग स्थान पर बैठते हैं, तो उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा। इस कार्य को पररूपधारण (IMPERSONATION) माना जाएगा।
13. अभ्यर्थी उपस्थिति पत्रक एवं प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर हेतु निर्धारित स्थान पर ही परीक्षा के दौरान वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर करेंगे। ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थित्व रद्द किया जा सकता है।
14. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र को सुरक्षित रखें, ताकि आवश्यकतानुसार इसे प्रस्तुत कर सकें।
15. वैसे अभ्यर्थी, जो कदाचार या पररूपधारण (IMPERSONATION) करते या अनुचित तरीका अपनाते हुए पाये जायेंगे, तो उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा एवं उनके विरूद्ध बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत कार्रवाई की जायेगी।
16. परीक्षा में आपका आईरिस कैप्चर किया जायेगा। ध्यान रखें कि आईरिस कैप्चर कराना आपका कर्त्तव्य भी है।
17. अभ्यर्थियों के लिए केन्द्राधीक्षक या वीक्षक के द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। परीक्षा समाप्ति के उपरांत अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक अवश्य हीं वीक्षक को लौटा देंगे। यदि ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक आपके द्वारा लौटाया नहीं गया तो आपका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा एवं आपके विरूद्ध विधि–सम्मत् दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।
18. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर चप्पल पहनकर आयेंगे। यदि वे जूता पहनकर आते हैं तो परीक्षा केन्द्र के बाहर जूता एवं मोजा खोलकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करना होगा।
19. अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का आभूषण (JEWELLERY) पहनकर नहीं आयेंगे।
20. अभ्यर्थी को परीक्षा अवधि में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही पानी पीना/वाशरूम आदि से निवृत हो लें। स्वास्थ्य कारणों से अगर किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने की परिस्थिति बनती है, तो उन्हें प्रश्न–पुस्तिका तथा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक वीक्षक के पास जमा करना होगा।